**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी जिले के यमकेश्वर इंटर कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। कहा– शिक्षा में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचार से समावेशी विकास को मिलेगा बल।
- हरिद्वार ज़िले में यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने ई–रिक्शा संचालन के लिए विशेष रूट प्लान तैयार किया।
- देहरादून में आयोजित हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र पर आधारित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।
- भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हराकर छठी बार अंडर–19 वनडे क्रिकेट विश्व कप जीता।

**यमकेश्वर भवन उद्घाटन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार शिक्षा के सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और नवाचार के माध्यम से समावेशी विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। पौड़ी जिले में इंटर कॉलेज यमकेश्वर के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन का निर्माण क्षेत्र के शैक्षिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा और इससे विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों की भूमिका केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन की भी होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस नीति में व्यवहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है और उत्तराखंड सरकार इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नवाचार से गांवों का समग्र विकास होगा तथा पलायन पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

**यातायात व्यवस्था**

यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने हरिद्वार में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके तहत जिले में ई–रिक्शाओं के लिए विशेष रूट प्लान तैयार किया गया है। हरिद्वार में संचालित लगभग 12 हजार और रुड़की में चलने वाली करीब 6 हजार ई–रिक्शाओं को अब अलग–अलग निर्धारित रूटों पर चलाया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**मल्टी लेवल पार्किंग**

रुद्रप्रयाग ज़िले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग परियोजना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी सचिव रुद्रप्रयाग एवं आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग के मुख्य बाजार क्षेत्र में पुनाड गदेरे के समीप निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए और गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न हो। साथ ही उन्होंने कार्यों में तेजी लाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण से रुद्रप्रयाग के मुख्य बाजार क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से राहत मिलेगी। गौरतलब है कि मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण के लिए शासन से कुल 7 करोड़ 9 लाख 74 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है, जिसमें से पहले चरण में 2 करोड़ 84 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं।

## जागरूकता अभियान

देहरादून में जिला बाल संरक्षण इकाई और महिला कल्याण विभाग द्वारा रायपुर क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में बाल अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं और बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील विषयों पर छात्रों के साथ ही विद्यालय स्टाफ को जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, सशक्त और जागरूक बनाना रहा, जिसे प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया।

## तकनीकी प्रशिक्षण

उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र द्वारा हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में आपदा–सक्षम विकास विषय पर आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। देहरादून में आयोजित इस कार्यक्रम में देश–विदेश के विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने उत्तराखंड में भूस्खलन प्रबंधन से जुड़े विषयों और आधुनिक तकनीकों पर विचार–विमर्श किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्तराखंड जैसे भूस्खलन संवेदनशील राज्यों में भूस्खलन पूर्वानुमान प्रणाली, प्रारंभिक चेतावनी तंत्र और आधुनिक भू–तकनीकी जांच व्यवस्था की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि वैज्ञानिक तरीकों और रियल–टाइम डेटा के उपयोग से भूस्खलन जोखिम की समय पर पहचान कर नुकसान को कम किया जा सकता है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से उत्तराखंड और पूरे हिमालयी क्षेत्र में आपदा–सक्षम और जोखिम–संवेदनशील विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार हुआ है।

## क्रिकेट

भारत ने छठी बार अंडर–19 एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप जीत लिया है। जिम्बावे के हरारे में खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हरा दिया है। 412 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की टीम 311 रन पर ही सिमट गई।

## सड़क दुर्घटना रोकथाम

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेस क्लब हरिद्वार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यातायात नियमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन निखिल शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें, गति नियंत्रित रखें और नशे में वाहन न चलाएं, तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ प्रवर्तन नेहा झा ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने और ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई भी की जा रही है।

**एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में हुए अंडर 19 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत की ऐतिहासिक जीत की खबर आज सभी समाचार पत्रों के पहले पृष्ठ पर प्रकाशित की गई है। नवोदय टाइम्स लिखता है – इंडिया जीता वैभव सिकंदर, इंग्लैंड को 100 रन से हराकर भारत ने जीता अंडर– 19 का छठा खिताब। हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है – भारत की युवा ब्रिगेड बनी विश्व चौंपियन।

प्रदेश सरकार को केंद्र से मिलने वाली 264 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि की खबर को सभी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। अमर उजाला लिखता है – प्रदेश को केंद्र से मिलेगी 264 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि। चारधाम यात्रा में हेली सेवी के विस्तार की ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– इस वर्ष बद्रीनाथ के लिए भी चलेंगी हेली शटल सेवाएं।